**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh**
**Shankar Nagar, Raipur**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्र. / परिषद् / SLA/ 2019 / 1261 रायपुर, दिनांक 12/04/2019

प्रति,

1. **संभागीय संयुक्त संचालक**, लोक शिक्षण, स्कूल शिक्षा विभाग (समस्त)
2. **जिला शिक्षा अधिकारी** (समस्त)
3. **प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान** (समस्त)

**विषय** –SLA (State Level Assessment) के अंतर्गत विद्यार्थियों के प्रश्न पत्रों के मूल्यांकन पश्चात् प्राप्तांकों की "SLA-CG App" पर डाटा एन्ट्री करने विषयक्।

––000––

उपरोक्त विषयांतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग, छ.ग. द्वारा सत्र 2019 में किए जा रहे राज्य स्तरीय आकलन (SLA) हेतु "SLA-CG App" का विकास एन.आई.सी. के सहयोग से किया गया है जो गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

SLA (State Level Assessment) के द्वारा प्रविष्टि कराने की प्रारंभिक जिम्मेदारी संकुल समन्वयक (CAC) की होगी जो मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी एवं मूल्यांकनकर्ताओं की सहायता से डाटा प्रविष्टि करायेंगे। SLA मोबाइल एप का उपयोग संकुल समन्वयक, मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जा सकता है।

डाटा प्रविष्टि की मॉनटरिंग विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा। डाटा प्रविष्टी प्रगति की जानकारी नियमित अंतराल पर एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट उपलब्ध कराई जायेगी।

उपरोक्त "SLA App" का उपयोग केवल मूल्यांकन केन्द्रों पर किया जायेगा। "SLA App" को डाउनलोड कर प्रश्न पत्रों का मूल्यांकन कार्य आरंभ किया जा सकता है। किसी विद्यार्थी का 10 अंकों वाला ID उपलब्ध न होने पर उसकी उत्तर पुस्तिका अलग कर सुरक्षित रखी जाए तथा बाद में उसकी पृथक डाटा एन्ट्री की जाए। एस.सी.ई.आर.टी. की वेबसाइट के SLA पेज पर, "SLA-CG App" में डाटा एन्ट्री हेतु प्रशिक्षण वीडियो उपलब्ध है। प्रशिक्षण वीडियो यूट्यूब पर भी उपलब्ध है जिसका लिंकनिम्नानुसार है–

**SLA Data Entry App –** https://youtu.be/y9EPMaEg9G0

(पी. दयानंद)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग.

SLA/AN/108/2019

पृ.क्र./परिषद्/SLA/ 2019/ 1262 रायपुर, दिनांक 12/04/2019

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने हेतु सूचनार्थ।
3. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा, पेंशन बाड़ा, रायपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
4. राज्य सूचना अधिकारी, NIC इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर को सूचनार्थ।
5. श्री सोमशेखर, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, NIC इन्द्रावती भवन, अटल नगर, रायपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग.

SLA/AN/108/2019